1(क)-7

पत्रांक–23/नियुक्ति–01–29/2020,सा0प्र0 19606 /

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

डॉ0 बी0 राजेन्दर,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

स्पीड पोस्ट
E-mail

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
बिहार,पटना।

सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार।
सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।

पटना–15, दिनांक: 19.10.23

विषय :– बिहार कर्मचारी चयन आयोग को स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा/इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा /कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) (कोटि–IV) के रिक्त पदों की अधियाचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–18750 दिनांक–05.10.2023, पत्रांक–18753 दिनांक–05.10.2023 एवं पत्रांक–18215 दिनांक–26.09.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगवर्णित पत्र के संदर्भ में कहना है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा इंटर स्तरीय पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित की जानेवाली **द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन (विज्ञापन संख्या–02/23)** प्रकाशित किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित इंटर स्तरीय पदों की रिक्तियाँ (आरक्षण कोटिवार) अंकित की गयी है –

उक्त विज्ञापन में वर्णित है कि प्रारंभिक परीक्षा के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से जिन अधियाची विभागों के द्वारा संशोधित रिक्तियाँ अथवा नये पद हेतु रिक्तियाँ, जिनकी शैक्षणिक योग्यता इंटर होगी, आयोग को संसूचित की जाएगी, तो उन रिक्तियों को भी इस विज्ञापन की रिक्तियों में समावेशित किया जा सकता है।

उक्त प्रकाशित **द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के विज्ञापन (विज्ञापन संख्या–02/23)** में सम्मिलित किये जाने वाले रिक्त पदों का रोस्टर क्लियरेंस कराकर आरक्षण कोटिवार त्रुटि–रहित अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–18753 दिनांक–05.10.2023 द्वारा सभी विभागों/जिलों से किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना सं0–17975 दिनांक–22.09.2023 द्वारा बिहार कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) (भर्ती एवं सेवा शर्त्ते) नियमावली, 2023 अधिसूचित किया गया है। जिसके अनुसार **कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) (कोटि–IV) के रिक्त पदों पर बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियमित नियुक्ति की कार्रवाई प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से की जायेगी।**

उक्त क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–18215 दिनांक–06.09.2023 द्वारा सभी विभागों/जिलों से **कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) (कोटि–IV)** के रिक्त पदों का रोस्टर क्लियरेंस कराकर आरक्षण कोटिवार त्रुटि–रहित अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

विदित हो कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा **तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया गया है।**

इसी प्रकार विभागीय पत्रांक–18750 दिनांक–05.10.2023 द्वारा सभी विभागों से **अगामी चतुर्थ स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित किये जाने वाले रिक्त पदों** का भी रोस्टर क्लियरेंस कराकर आरक्षण कोटिवार त्रुटि–रहित अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतएव वर्णित रिक्त पदों की अधियाचना शीघ्र सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराने के संदर्भ में सभी विभागाध्यक्ष, सभी प्रमंडलीय आयुक्त तथा सभी जिला पदाधिकारी के साथ **मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में VC के माध्यम से दिनांक–30.10.2023 को अपराह्न 4.30 बजे** एक समीक्षा बैठक आहूत की गयी है।

अतः अनुरोध है कि उक्त निर्धारित बैठक में ससमय भाग लेने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

17.10.2023

(डॉ0 बी0 राजेन्दर)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः–23/नियुक्ति–01–29/2020, सा0प्र0–19606 पटना–15, दिनांक–19.10.23

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ।

17/10/23.
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः–23/नियुक्ति–01–29/2020, सा0प्र0–19606 पटना–15, दिनांक–19.10.23

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव के आप्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ।

17/10/23.
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः–23/नियुक्ति–01–29/2020, सा0प्र0–19606 पटना–15, दिनांक–19.10.23

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ। अनुरोध है कि VC के माध्यम से प्रस्तावित बैठक हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

17/10/23.
सरकार के उप सचिव।